www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

PAPER-III
COMPARATIVE STUDY OF RELIGIONS

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____
   (Name) _____
2. (Signature) _____
   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No._____
(In words)

D 6 2 1 4

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **75**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

COMPARATIVE STUDY OF RELIGIONS
Paper – III

Note : This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. Match the following and identify the correct code :

i.	Judaism	a.	Quran
ii.	Islam	b.	Talmud
iii.	Christianity	c.	Sri Guru Granth Sahib
iv.	Sikhism	d.	New Testament

Codes :

	i	ii	iii	iv
(A)	c	a	b	d
(B)	a	d	b	c
(C)	a	b	c	d
(D)	b	d	a	c

2. Which of the following is not a modern concept ?

(A) Materialism (B) Manaism
(C) Rationalism (D) Secularism

3. Which of the following scriptures is written in Gurumukhi ?

(A) Vedas (B) Jain Agamas
(C) Guru Granth Sahib (D) Tripitakas

4. Taboos are

(A) Prohibitions (B) Virtues
(C) Ethics (D) Morals

5. The book "Elementary Forms of Religious Life" was written by

(A) E.B. Tylor (B) Max Weber
(C) Emile Durkheim (D) Max Muller

6. The statement "religion is the opium of the people" was made by

(A) Max Weber (B) J.G. Frazer
(C) Karl Marx (D) Emile Durkheim

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन

प्रश्नपत्र – III

नोट : इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और सही कूट को चिह्नित कीजिए :

i.	यहूदीमत	a.	कुरान
ii.	इस्लाम	b.	तालमूद
iii.	ईसाईमत	c.	श्री गुरु ग्रंथ साहिब
iv.	सिखमत	d.	नया अहदनामा

कूट :

	i	ii	iii	iv
(A)	c	a	b	d
(B)	a	d	b	c
(C)	a	b	c	d
(D)	b	d	a	c

2. निम्नलिखित में से कौन सी आधुनिक संकल्पना नहीं है ?

(A) भौतिकवाद (B) मानावाद
(C) तर्कवाद (D) पंथनिरपेक्ष

3. निम्नलिखित में से कौन सा धर्मग्रंथ गुरुमुखी में लिखा गया है ?

(A) वेद (B) जैन आगम
(C) गुरु ग्रंथ साहिब (D) त्रिपिटक

4. टैबू हैं :

(A) निषेध (B) सद्‌गुण
(C) नैतिक सिद्धान्त (D) सदाचार

5. "ऐलीमेंटरी फोर्म्स ऑफ रिलीजियस लाइफ" नामक पुस्तक निम्नलिखित में से इन्होंने लिखी है :

(A) ई.बी. टायलर (B) मैक्स वेबर
(C) इमाइल दुर्खीम (D) मैक्स मूलर

6. "धर्म लोगों के लिए अफीम है" यह कथन निम्नलिखित में से इनका है :

(A) मैक्स वेबर (B) जे.जी. फ्रेज़र
(C) कार्ल मार्क्स (D) इमाइल दुर्खीम

7. Match the following and identify the correct code :

i.	Hinduism	a.	Nirvan
ii.	Buddhism	b.	Brahmgyan
iii.	Christianity	c.	Mukti
iv.	Sikhism	d.	Salvation

Codes :

	i	ii	iii	iv
(A)	c	a	d	b
(B)	d	c	a	b
(C)	a	b	c	d
(D)	b	c	a	d

8. Ashoka the Great was a patron of

(A) Hinduism (B) Jainism
(C) Buddhism (D) Brahmanism

9. Which of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Jainism – Muni
(B) Buddhism – Bhikkhu
(C) Hinduism – Ṛṣi
(D) Sikhism – Imam

10. The hymns of the Vedas are arranged into

(A) Metres (B) Verses
(C) Dohās (D) Savaiyās

11. The Brāhmaṇa Texts are recognised as

(A) Grammar-texts (B) Novels
(C) Poetry-texts (D) Commentaries of the Vedas

12. The concept of "Satkāryavāda" is closely related to

(A) Yoga (B) Sānkhya
(C) Nyāya (D) Vedānta

13. "Vedokhilo Dharma Mūlaṁ" is quoted from this following scripture :

(A) Mahābhārata (B) Rāmāyaṇa
(C) Upanishad (D) Manu Smriti

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

7. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और सही कूट को चिह्नित कीजिए :

i.	हिंदूमत	a.	निर्वाण
ii.	बुद्धमत	b.	ब्रह्मज्ञान
iii.	ईसाईमत	c.	मुक्ति
iv.	सिखमत	d.	मोक्ष

कूट :

	i	ii	iii	iv
(A)	c	a	d	b
(B)	d	c	a	b
(C)	a	b	c	d
(D)	b	c	a	d

8. सम्राट अशोक निम्नलिखित में से इस मत का संरक्षक था :

(A) हिंदूमत (B) जैनमत
(C) बुद्धमत (D) ब्राह्मणवाद

9. निम्नलिखित में से यह युग्म सुमेलित नहीं है :

(A) जैनमत – मुनि
(B) बुद्धमत – भिक्खु
(C) हिंदूमत – ऋषि
(D) सिखमत – इमाम

10. वेदों की ऋचाएँ निबद्ध हैं, इनमें

(A) छन्दों (B) श्लोकों
(C) दोहा (D) सवैया

11. ब्राह्मण-ग्रन्थ जाने जाते हैं

(A) व्याकरण-ग्रन्थ (B) उपन्यास
(C) पद्य-ग्रन्थ (D) वेदों के व्याख्यान ग्रन्थ

12. 'सत्कार्यवाद' सिद्धान्त इससे अत्यधिक सम्बन्धित है :

(A) योग (B) सांख्य
(C) न्याय (D) वेदान्त

13. 'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्' इस निम्न ग्रन्थ से उद्धृत है :

(A) महाभारत (B) रामायण
(C) उपनिषद् (D) मनुस्मृति

14. Ādi Kavi of Sanskrit literature is recognised as

(A) Kāli Dās (B) Panditraj Jagannāth

(C) Māgh (D) Vālmiki

15. The dialogue between Yamāchārya and Nachiketā is described in

(A) Kathopanishad (B) Chhāndogyopanishad

(C) Prashnopanishad (D) Kenopanishad

16. The propounder of the concept of Advait is

(A) Vallabhāchārya (B) Madhvāchārya

(C) Rāmānujāchārya (D) Shaṁkrāchārya

17. The motto of L.I.C. of India is

(A) Ahinsā Parmo Dharmah (B) Satyam Shivam Sundaram

(C) Yogakshemam Vahāmyaham (D) Ācharahinam Na Punanti Vedāh

18. Ayam Nijah Paro Veti Gaṇanā Laghu Chetasām
Udaracharitānām tu Vasudhaiva Kutumbakam.
This verse is inscribed on the gate of

(A) Parliament of India (B) Gateway of India

(C) Supreme Court of India (D) House of India in England

19. The Prominent Preacher of Vaishṇav Bhakti in Āssām region was

(A) Kabīr Dās (B) Rāmānand

(C) Ravi Dās (D) Shankra Deva

20. Rājā Rāma Mohan Rāi was the first harbinger who abolished the evil custom of

(A) Child Marriage (B) Satī Prathā

(C) Idol Worship (D) Untouchability

21. The Ācārāṅgasūtra mainly deals with

(A) vows of householder

(B) spiritual saying of Lord Mahavira

(C) ten types of Religions

(D) the concept of Substance

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

14. संस्कृत साहित्य के आदिकवि माने गये हैं

(A) कालिदास
(B) पण्डितराज जगन्नाथ
(C) माघ
(D) वाल्मीकि

15. यमाचार्य और नचिकेता का संवाद वर्णित है, इसमें

(A) कठोपनिषद्
(B) छान्दोग्योपनिषद्
(C) प्रश्नोपनिषद्
(D) केनोपनिषद्

16. अद्वैत सिद्धान्त के प्रवर्त्तक हैं

(A) बल्लभाचार्य
(B) माध्वाचार्य
(C) रामानुजाचार्य
(D) शङ्कराचार्य

17. भारतीय जीवन बीमा निगम का ध्येय वाक्य है

(A) अहिंसा परमो धर्म:
(B) सत्यं शिवं सुन्दरम्
(C) योगक्षेमं वहाम्यहम्
(D) आचारहीनं न पुनन्ति वेदा:

18. अयं निज: परो वेति गणना लघुचेतसाम् ।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।।
यह श्लोक उत्कीर्ण है इसके भवन के द्वार पर –

(A) भारत की संसद्
(B) गेट वे ऑफ इण्डिया
(C) भारत के सर्वोच्च न्यायालय
(D) इंग्लैण्ड में हाऊस ऑफ इण्डिया

19. आसाम क्षेत्र में वैष्णव भक्ति के प्रमुखतम् उपदेशक थे

(A) कबीरदास
(B) रामानन्द
(C) रविदास
(D) शङ्करदेव

20. राजा राम मोहन राय ऐसे प्रथम अग्रदूत थे, जिन्होंने इस प्रथा का उन्मूलन किया :

(A) बाल विवाह
(B) सती प्रथा
(C) मूर्ति पूजा
(D) अस्पृश्यता

21. आचारांगसूत्र का प्रमुख विषय है

(A) श्रावकों के व्रत
(B) भगवान् महावीर के आध्यात्मिक उपदेश
(C) दस प्रकार के धर्म
(D) द्रव्य का स्वरूप

22. Social and religious service is closely associated with the following activity of Jainism :

(A) Observing five vratas
(B) Reading scriptures
(C) Visiting Jaina temples
(D) Giving four kinds of charity

23. This statement is not correct.

(A) Jainism believes in Karma theory.
(B) Jainism believes in Salvation.
(C) Jainism believes that God is creator of world.
(D) Jainism prescribes four kinds of Charity.

24. Match the item in List – I with those in List – II.

List – I	**List – II**
a. Parśvanātha	i. Mokṣamārga
b. Nirjarā	ii. Bharat-Bahubali
c. Three jewels	iii. Chāturyama
d. Ṛshadeva	iv. Fundamentals

Select the correct code answer.

Codes :

(A) c iv
(B) b iii
(C) d ii
(D) a i

25. Famous Jaina temples of Rajasthan are

(A) Pārshvanāth temples
(B) Delavārā temples
(C) Devagarh temples
(D) Shatrunjaya temples

26. Shri Sammedashikhara is famous for

(A) Ancient Museum of Palm leave manuscripts
(B) Salvation place of Lord Ṛsabhadeva
(C) Salvation place of 20 Jaina Tirthankaras
(D) Worship place of the Statue of Gomateshvara

27. Bird Hospital is run by Jain society at

(A) Chennai
(B) Varanasi
(C) Ahmedabad
(D) New Delhi

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

22. जैनधर्म की यह प्रवृत्ति सामाजिक और धार्मिक सेवा के साथ गहरायी से जुड़ी हुई है

(A) पाँच व्रतों का पालन करना
(B) धार्मिक ग्रन्थों का स्वाध्याय करना
(C) जैन मंदिरों में जाना
(D) चार प्रकार के दान देना

23. यह कथन सही नहीं है ।

(A) जैनधर्म कर्म सिद्धान्त पर विश्वास करता है ।
(B) जैनधर्म मुक्ति पर विश्वास करता है ।
(C) जैनधर्म यह मानता है कि ईश्वर संसार का स्रष्टा है ।
(D) जैनधर्म चार प्रकार के दान का विधान करता है ।

24. सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिए ।

सूची – I	**सूची – II**
a. पार्श्वनाथ	i. मोक्षमार्ग
b. निर्जरा	ii. भरत-बाहुबली
c. त्रिरत्न	iii. चातुर्याम
d. ऋषभदेव	iv. पदार्थ

कूट में से सही उत्तर चुनिये ।

कूट :

(A) c iv
(B) b iii
(C) d ii
(D) a i

25. राजस्थान के ये प्रसिद्ध जैन मंदिर हैं

(A) पार्श्वनाथ मंदिर
(B) देलवाड़ा मंदिर
(C) देवगढ़ मंदिर
(D) शत्रुंजय मंदिर

26. 'श्री सम्मेदशिखर' इस रूप में प्रसिद्ध है :

(A) ताड़पत्रीय पाण्डुलिपियों का प्राचीन संग्रहालय
(B) तीर्थंकर ऋषभदेव का मोक्ष-प्राप्ति स्थान
(C) बीस जैन तीर्थंकरों के मोक्ष-प्राप्ति का स्थान
(D) गोमतेश्वर की मूर्ति का पूजा-स्थल

27. जैन समाज द्वारा एक 'पक्षी अस्पताल' यहाँ पर संचालित है

(A) चेन्नई
(B) वाराणसी
(C) अहमदाबाद
(D) नई दिल्ली

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

28. The 'Aṇuvrat Ándolana' was initiated by the famous Jain Saint in present time

(A) Ācārya Nānesh

(B) Ācārya Tulsi

(C) Ācārya Padmasāgar

(D) Ācārya Vidyasagar

29. One common Prakrit text of Jainism was compiled in present age known as

(A) Tattvārthsūtra

(B) Kalpasūtra

(C) Samaṇasuttaṁ

(D) Vivāgasuttaṁ

30. Identify the correct combination :

(A) Āchārya Vidhyananda – Mookamāti

(B) Āchārya Tulsi – Dharmapāla Pravratti

(C) Āchārya Nānesh – Jain Vishva Bharti

(D) Āchārya Gyansāgar – Sarāk Uddhāraka

31. 'Jaina Vishva Bharti' is known for

(A) The first Jain publication institute

(B) The first University of Jainism

(C) All India Association of Jain Samaj

(D) Ancient centre of Jain caves

32. Gautama Buddha (original name Siddhārtha) was born at

(A) Sāvatthī

(B) Kapilavastu

(C) Lumbinī

(D) Vesālī

33. The Buddha attained Bodhi (enlightenment) at the age of

(A) 40 (forty)

(B) 35 (thirty five)

(C) 30 (thirty)

(D) 25 (twenty five)

34. The language used in the Mahāyāna Sūtra literature happens to be

(A) Pāli

(B) Prakrit

(C) Buddhist Hybrid Sanskrit

(D) Sanskrit

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

28. वर्तमान समय में इन प्रसिद्ध जैन सन्त द्वारा 'अणुव्रत-आन्दोलन' चलाया गया था

(A) आचार्य नानेश

(B) आचार्य तुलसी

(C) आचार्य पद्मसागर

(D) आचार्य विद्यासागर

29. वर्तमान युग में तैयार किये गये जैनधर्म विषयक सर्वमान्य प्राकृत ग्रन्थ है

(A) तत्त्वार्थसूत्र (B) कल्पसूत्र

(C) समणसुत्तं (D) विवागसुत्तं

30. सही मिलान को पहचानिये :

(A) आचार्य विद्यानन्द – मूकमाटी

(B) आचार्य तुलसी – धर्मपाल प्रवृत्ति

(C) आचार्य नानेश – जैन विश्व भारती

(D) आचार्य ज्ञानसागर – सराक उद्धारक

31. 'जैन विश्व भारती' इस रूप में प्रसिद्ध है :

(A) प्रथम जैन प्रकाशन संस्थान

(B) जैनधर्म का प्रथम विश्वविद्यालय

(C) जैन समाज का अखिल भारतीय संघ

(D) जैन गुफाओं का प्राचीन केन्द्र

32. गौतम बुद्ध (मूल नाम सिद्धार्थ) जिस स्थान पर पैदा हुये थे, उसका नाम है

(A) श्रावस्ती (B) कपिलवस्तु

(C) लुम्बिनी (D) वैसाली

33. बुद्ध ने जिस आयु में बोधि प्राप्त की, वह थी

(A) 40 (चालीस) (B) 35 (पैंतीस)

(C) 30 (तीस) (D) 25 (पच्चीस)

34. महायान सूत्र साहित्य में प्रयुक्त जो भाषा थी, वह है

(A) पालि (B) प्राकृत

(C) बौद्ध संकर संस्कृत (D) संस्कृत

35. The Doctrine considered as the Heart of Buddhism is

(A) Anātmavāda

(B) Anityavāda

(C) The five khandhas (pañca Khandha-s)

(D) The Pratītya-samutpāda (Pali Paṭiccasamuppada)

36. The Saṅgīti (Buddhist Religious Council) held during the reign of King Ashoka was tilted towards

(A) Vaibhāṣika

(B) Sautrāntika

(C) Sarvāstivāda

(D) Theravāda

37. The number of texts recognized by the Simhalese Tradition as part of the Khuddaka Nikāya, is

(A) 15 (fifteen)

(B) 18 (eighteen)

(C) 17 (seventeen)

(D) 20 (twenty)

38. The traditional set order of the Nikāya-s of the Sutta Piṭaka happens to be

(A) Digha Nikāya, Saṁyutta Nikāya, Aṅguttara Nikāya, Majjhima Nikāya

(B) Digha Nikāya, Majjhima Nikāya, Saṁyutta Nikāya, Aṅguttara Nikāya

(C) Aṅguttara Nikāya, Saṁyutta Nikāya, Digha Nikāya, Majjhima Nikāya

(D) Majjhima Nikāya, Digha Nikāya, Saṁyutta Nikāya, Aṅguttara Nikāya

39. The Pañca-Śīla doctrine of the Buddhists begins with the Śīla (moral conduct) known as

(A) Abstention from telling lies

(B) Abstention from stealing

(C) Abstention from sexual misconduct

(D) Abstention from killing

40. Among the six heretical teachers and the Buddha, the one whose philosophy is identified with Ucchedavāda (Annihilationism) was

(A) Niggaṇṭha Nātaputta

(B) Makkhali Gosāla

(C) Ajita Kesakambala

(D) Gautam Buddha

41. Idol worship in Buddhism is considered to have been started in India during the period

(A) 3rd century B.C.

(B) 1st century A.D.

(C) 2nd century A.D.

(D) 3rd century A.D.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

35. बौद्ध धर्म में जिस सिद्धान्त को उसका हृदय माना जाता है, वह है

(A) अनात्मवाद

(B) अनित्यवाद

(C) पाँच खन्ध (पंच खन्ध)

(D) प्रतीत्य समुत्पाद (पालि-पटिच्चसमुप्पाद)

36. राजा अशोक के राज्य-काल में संपन्न संगीति (बौद्ध धार्मिक सभा) का झुकाव जिस सम्प्रदाय के प्रति था, उसका नाम है

(A) वैभाषिक

(B) सौत्रान्तिक

(C) सर्वास्तिवाद

(D) थेरवाद

37. खुद्दकनिकाय के जितने ग्रन्थों को सिंहली परंपरा मान्यता देती है, उनकी संख्या है

(A) 15 (पन्द्रह)

(B) 18 (अठारह)

(C) 17 (सत्रह)

(D) 20 (बीस)

38. सुत्त पिटक में निकायों का जो पारंपरिक निश्चित क्रम है, वह है

(A) दीघ निकाय, संयुत्त निकाय, अंगुत्तर निकाय, मज्झिम निकाय

(B) दीघ निकाय, मज्झिम निकाय, संयुत्त निकाय, अंगुत्तर निकाय

(C) अंगुत्तर निकाय, संयुत्त निकाय, दीघ निकाय, मज्झिम निकाय

(D) मज्झिम निकाय, दीघ निकाय, संयुत्त निकाय, अंगुत्तर निकाय

39. बौद्धों का पंच-शील सिद्धान्त, जिस शील से प्रारंभ होता है, उसका नाम है

(A) मृषावाद (झूठ बोलने) से विरति

(B) स्तेय (चोरी करने) से विरति

(C) व्यभिचार से विरति

(D) जीव हिंसा (पाणातिपात) से विरति

40. छ: तीर्थिक आचार्यों और बुद्ध में से जिसके दर्शन की पहचान उच्छेदवाद से की जाती है, वह है

(A) निग्गण्ठ नातपुत्त

(B) मक्खलि गोसाल

(C) अजित केसकंबल

(D) गोतम बुद्ध

41. ऐसा माना जाता है कि भारत में बौद्धों में मूर्तिपूजा जिस काल के दौरान प्रारंभ हुई, वह था

(A) तीसरी सदी ईसवी पूर्व

(B) प्रथम सदी ईसवी

(C) द्वितीय सदी ईसवी

(D) तृतीय सदी ईसवी

42. The chronologically correct combination of the visits of the Chinese pilgrims to India from amongst the combinations given below :

(A) Fa-Hien, Yuan Chwang, Itsing, Tan Yun Shan

(B) Yuan Chwang, Itsing, Tan Yun Shan, Fa-Hien

(C) Itsing, Tan Yun Shan, Fa-Hien, Yuan Chwang

(D) Tan Yun Shan, Fa-Hien, Yuan Chwang, Itsing,

43. William Carey came to India as a missionary in the year

(A) 1793 A.D. (B) 1796 A.D.

(C) 1798 A.D. (D) 1800 A.D.

44. The Sermon of the Mount is associated with

(A) Judaism (B) Christianity

(C) Buddhism (D) Islam

45. The first book of the Old Testament is

(A) Psalms (B) Ezra

(C) Genesis (D) Jonah

46. The New Testament is collection of

(A) 21 Books (B) 29 Books

(C) 27 Books (D) 31 Books

47. The New Testament Canon contains

(A) Gospels (B) Tanakh

(C) Torah (D) Talmud

48. The book "Key to the Scriptures" was published by

(A) M.F. Illyricus (B) Martin Luther

(C) John the Baptist (D) Elizabeth

49. David is the author of

(A) Genesis (B) Book of Revelation

(C) Acts of Apostles (D) Psalms

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

42. चीन से भारत आये चीनी तीर्थ यात्रियों की तीर्थ यात्राओं के विविध समूहों में जो समूह काल-क्रम के अनुसार सही है, वह है

(A) फ़ाह्यान, युआन-च्वांग, इत्सिंग, तान युन शाँ

(B) युआन-च्वांग, इत्सिंग, तान युन शाँ, फ़ाह्यान

(C) इत्सिंग, तान युन शाँ, फ़ाह्यान, युआन-च्वांग

(D) तान युन शाँ, फ़ाह्यान, युआन-च्वांग, इत्सिंग

43. विलियम कैरी निम्नलिखित में से किस वर्ष मिशनरी के रूप में भारत आया था ?

(A) 1793 ई. (B) 1796 ई.

(C) 1798 ई. (D) 1800 ई.

44. द सर्मन ऑफ द माउंट निम्नलिखित में से किससे संबद्ध है ?

(A) यहूदीमत (B) ईसाईमत

(C) बुद्धमत (D) इस्लाम

45. पुराने अहदनामे (ओल्ड टेस्टामेंट) की पहली पुस्तक है

(A) ज़बूर (B) अज़रा

(C) जेनेसिस (D) जोनाह

46. नया अहदनामा (न्यू टेस्टामेंट) निम्नलिखित में से कितनी पुस्तकों का संग्रह है ?

(A) 21 पुस्तकें (B) 29 पुस्तकें

(C) 27 पुस्तकें (D) 31 पुस्तकें

47. नया अहदनामा (न्यू टेस्टामेंट) कैनन में है

(A) गोस्पल (B) तनखा

(C) तोरह (D) तालमूद

48. "की टु द स्क्रिपचर्स" नामक पुस्तक निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित की गई ?

(A) एम.एफ. इलिरिक्स (B) मार्टिन लूथर

(C) जॉन द बैप्टिस्ट (D) एलिजाबेथ

49. डेविड निम्नलिखित में से किस पुस्तक के लेखक थे ?

(A) जेनेसिस (B) बुक ऑफ रेविलेशन

(C) एक्ट्स ऑफ अपोसिल्स (D) ज़बूर

50. The Ten Commandments were given to

(A) Abraham (B) Moses

(C) Isaac (D) Jacob

51. The book "Christianity : Its Essence and History" was authored by

(A) Karl Rahler (B) Hans Kung

(C) Geoffrey Wainright (D) St. Thomas Aquinas

52. Trinity according to Christian religion means

(A) One God in one person

(B) One God in two persons

(C) Three Gods in one person

(D) One God in three entities

53. Jerusalem was conquered by the Crusaders in the

(A) 1050 A.D. (B) 1070 A.D.

(C) 1075 A.D. (D) 1099 A.D.

54. The Black Stone is placed in

(A) Masjid-e-Nabawi (B) Masjid-e-Aqsa

(C) The Ka'ba (D) Masjid-e-Quba

55. Who among the following was daughter of the Prophet ?

(A) Aisha (B) Safia

(C) Sawda (D) Fatimah

56. Who among the following Caliphs was first designated as Amir al-Mu'minin ?

(A) Abu Bakr (B) Umar

(C) Uthman (D) Ali

57. The Holy Quran consisted of

(A) 110 Surahs (B) 112 Surahs

(C) 114 Surahs (D) 116 Surahs

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

50. दस आदेश निम्नलिखित में से किसे दिए गए थे ?

(A) अब्राह्म (B) मूसा

(C) ईसा (D) जैकब

51. "क्रिस्टिनिटी : इट्स इसेंस एण्ड हिस्टरी" नामक पुस्तक निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गई ?

(A) कार्ल रहलर (B) हन्स कुंज

(C) ज्योफ्रे वेनराइट (D) सेंट थॉमस एक्विनास

52. ईसाई धर्म के अनुसार त्रिमूर्ति का अर्थ है

(A) एक व्यक्ति में एक भगवान

(B) दो व्यक्तियों में एक भगवान

(C) एक व्यक्ति में तीन भगवान

(D) तीन अस्तित्वों में एक भगवान

53. क्रूसेडर्स द्वारा जेरुसलेम को कब जीता गया था ?

(A) 1050 ई. में (B) 1070 ई. में

(C) 1075 ई. में (D) 1099 ई. में

54. हजरे असवद निम्नलिखित में से किस इमारत पर लगाया गया है ?

(A) मस्जिदे-नबवी (B) मस्जिदे-अक़्सा

(C) काबा (D) मस्जिदे-कुबा

55. निम्नलिखित में से कौन पैगंबर (स.) की बेटी थी ?

(A) आइशा (B) सफिया

(C) सौदा (D) फातिमा

56. निम्नलिखित खुलफ़ा में से अमीरुल-मुमिनीन का ख़िताब सबसे पहले किसे दिया गया था ?

(A) अबू बक्र (B) उमर

(C) उस्मान (D) अली

57. पवित्र क़ुरान में कितनी सूरतें हैं ?

(A) 110 (B) 112

(C) 114 (D) 116

58. Which one of the following pairs is correctly matched ?

List – I	List – II
i. Salah (Prayer)	a. The first surah
ii. Fatiha	b. Tahajjud
iii. Hajj	c. Ushr
iv. Zakah	d. Tawaf

Codes :

	i	ii	iii	iv
(A)	a	c	b	d
(B)	b	a	d	c
(C)	c	d	b	a
(D)	a	c	d	b

59. Who among the following is called al-ruh al-amin (trustworthy spirit) ?

(A) Mikail (B) Harut
(C) Mārut (D) Jibrail

60. Which one of the following is correctly matched ?

(A) Abu Bakr – 630-632 A.D. (B) Umar – 634-644 A.D.
(C) Uthman – 632-634 A.D. (D) Ali – 661-680 A.D.

61. Author of the book Al-Qānun fi-al-Tib was

(A) Ibn-al-Abbas (B) Ibn-Zakariya al-Razi
(C) Ibn-Sina (D) Ali al-Tabari

62. Arrange names of the following Sufis in chronological order. Use the code given below :

i. Moinuddin Chishti ii. Nizamuddin Awliya
iii. Fariduddin Ganj Shakr iv. Nasiruddin Chiragh Dehli

Codes :

(A) i, ii, iii, iv (B) iii, i, ii, iv
(C) i, ii, iv, iii (D) i, iii, ii, iv

63. Which one of the following is not correctly matched ?

(A) Kalilalah Wa-Dimnah – Panchatantra
(B) Kitab al Musiqi al-Kabir – Calligraphy
(C) Maqāmat of al-Hariri – Belles-lettres
(D) al-Masālik w-al-Mamalik – Geography

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

58. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

सूची – I	**सूची – II**
i. नमाज़	a. पहली सुरह
ii. फ़ातिहा	b. तहज्जुद
iii. हज	c. उश्र
iv. ज़कात	d. तवाफ़

कूट :

	i	ii	iii	iv
(A)	a	c	b	d
(B)	b	a	d	c
(C)	c	d	b	a
(D)	a	c	d	b

59. निम्नलिखित में से किसे अल-रुहुल-अमीन कहा जाता है ?

(A) मीकाईल (B) हारूत

(C) मारूत (D) जिब्राइल

60. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित है ?

(A) अबू बक्र – 630-632 ई.

(B) उमर – 634-644 ई.

(C) उस्मान – 632-634 ई.

(D) अली – 661-680 ई.

61. "अल-कानून फी-अल-तिब" नामक पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन थे ?

(A) इब्न-अल-अब्बास (B) इब्न-ज़करिया अल-राज़ी

(C) इब्न-सीना (D) अली अल-तबरी

62. निम्नलिखित सूफियों के नाम कालक्रम में लगाइए । निम्नलिखित कूट का उपयोग कीजिए :

i. मुईनुद्दीन चिश्ती

ii. निज़ामुद्दीन औलिया

iii. फरीदुद्दीन गंज शकर

iv. नसीरुद्दीन चिराग दिल्ली

कूट :

(A) i, ii, iii, iv (B) iii, i, ii, iv

(C) i, ii, iv, iii (D) i, iii, ii, iv

63. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(A) कलीलाला व दिम्ना – पंचतंत्र

(B) किताब अल मुसीकी अल-कबीर – सुलेखन

(C) अल-हरीरी की मकामात – ललित साहित्य

(D) अल-मसालिक व अल-ममालिक – भूगोल

www.prepp.in

64. Which one of the following is correctly matched ?
(A) Madina – The Ka'aba
(B) Tahdhib al-Akhlaq – Al-Mawardi
(C) The Nizamiyah – Samarqand
(D) Junayd Baghdadi – Sufi

65. The author of the book 'Hujjat Allah al-Baligha' was
(A) Shah Abdul Qadir
(B) Shah Abdul Ghani
(C) Shah Wali Allah
(D) Shah Rafi al-Deen

66. The idea of Miri-Piri in Sikhism means
(A) Temporality is superior to Religion.
(B) Religion and Politics are incompatible.
(C) Temporal and spiritual are inter-locked.
(D) Establishment of Sikh State.

67. Institutionalization of Sikhism began with
(A) Guru Nanak
(B) Guru Arjan
(C) Guru Gobind Singh
(D) Singh Sabha Movement

68. Identify the incorrect statement.
(A) Sikhism stands for religious harmony.
(B) Sikhism is a strong votary of Pluralistic character of society.
(C) Sikhism aspires for holistic development.
(D) Sikhism advocates segregation of society.

69. The Sikh scripture does not comprise the writings of
(A) Surdas
(B) Tulsidas
(C) Ramanand
(D) Jaidev

70. Sikh secular values deal with
(A) Devotion
(B) Metaphysics
(C) Epistemology
(D) Daily life

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

64. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित है ?

(A) मदीना – काबा

(B) तहज़ीबुल अखलाक़ – अल-मावर्दी

(C) निजामिया – समरकंद

(D) जुनैद बग़दादी – सूफी

65. 'हुज्जत अल्लाह अल-बालिग़ा' नामक पुस्तक के लेखक थे

(A) शाह अब्दुल क़ादिर

(B) शाह अब्दुल ग़नी

(C) शाह वली अल्लाह

(D) शाह रफी अल-दीन

66. सिखमत में मिरि-पिरि के सिद्धांत का निम्नलिखित में से कौन सा अर्थ है ?

(A) सांसारिकता धर्म से श्रेष्ठ है ।

(B) धर्म और राजनीति का कोई मेल नहीं है ।

(C) सांसारिकता और अध्यात्म आपस में जुड़े हुए हैं ।

(D) सिख राज्य की स्थापना ।

67. सिखमत का संस्थापन निम्नलिखित में से किसके साथ शुरू हुआ ?

(A) गुरु नानक (B) गुरु अर्जुन

(C) गुरु गोविन्द सिंह (D) सिंह सभा आंदोलन

68. गलत कथन को चिह्नित कीजिए ।

(A) सिखमत धार्मिक सौहार्द के लिए हैं ।

(B) सिखमत बहु सभ्यचारक समाज का समर्थक है ।

(C) सिखमत समग्र उन्नति चाहता है ।

(D) सिखमत समाज के विभाजन समर्थक है ।

69. सिख धर्मग्रंथ में निम्नलिखित में से किसकी वाणी नहीं है ?

(A) सूरदास (B) तुलसीदास

(C) रामानन्द (D) जयदेव

70. सिख निरपेक्ष मूल्य निम्नलिखित से संबंधित है :

(A) भक्ति (B) पारलौकिकता

(C) ज्ञानसिद्धांत (D) दैनिक जीवन

www.prepp.in

71. Identify the correct match from the following units :

Unit – I	**Unit – II**
i. Janamsakhi	a. History of the Panth
ii. Rahitnama	b. Life story of Guru Nanak
iii. Gurbilas	c. History of the Sikh Gurus
iv. Panth Parkash	d. Sikh code of conduct

Correct answer is :

Codes :

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	iv	i
(B)	iv	i	iii	ii
(C)	iii	ii	i	iv
(D)	i	iv	ii	iii

72. According to Sikhism antidote to Humai is

(A) Pilgrimage (B) Hath-Yoga

(C) Charity (D) Contemplation on Sabda

73. Objective of Singh Sabha Movement was

(A) Formation of Punjabi Speaking State

(B) Religious awakening among the Sikhs

(C) Freedom of India

(D) Establishment of Sikh State

74. Identify the correct match from the following units :

Unit – I	**Unit – II**
i. Guru Gobind Singh	a. Bansawalinama
ii. Champa Singh	b. Tankhahnama
iii. Bhai Nand Lal	c. Rahitnama
iv. Kesar Singh Chhibbar	d. Zafarnama

Correct answer is :

Codes :

	a	b	c	d
(A)	ii	iv	iii	i
(B)	iv	ii	i	iii
(C)	i	iii	iv	ii
(D)	iv	iii	ii	i

75. Khalsa Akbar was edited by

(A) Prof. Gurumukh Singh (B) Giani Dit Singh

(C) Bhai Vir Singh (D) Dyal Singh Majithia

www.prepp.in

71. निम्नलिखित यूनिटों से सुमेलन को चिह्नित कीजिए :

यूनिट – I	**यूनिट – II**
i. जन्मसाखी	a. पंथ का इतिहास
ii. रहतनामा	b. गुरु नानक की जीवन कथा
iii. गुरुविलास	c. सिख गुरुओं का इतिहास
iv. पंथ प्रकाश	d. सिख रहत मर्यादा

सही उत्तर है :

कूट :

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	iv	i
(B)	iv	i	iii	ii
(C)	iii	ii	i	iv
(D)	i	iv	ii	iii

72. सिखमत के अनुसार होमै का निरोध निम्नलिखित में से क्या है ?

(A) तीर्थयात्रा (B) हठ-योग

(C) दान (D) शब्द का विचार

73. सिख सभा आन्दोलन का उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या था ?

(A) पंजाबी भाषी राज्य का गठन (B) सिखों में धार्मिक जागरूकता

(C) भारत की स्वतंत्रता (D) सिख राज्य की स्थापना

74. निम्नलिखित यूनिटों में से सुमेलन को चिह्नित कीजिए :

यूनिट – I	**यूनिट – II**
i. गुरु गोविन्द सिंह	a. बंशालीनामा
ii. चम्पा सिंह	b. तनखानामा
iii. भाई नन्द लाल	c. रहतनामा
iv. केसर सिंह छिब्बर	d. ज़फरनामा

सही उत्तर है –

कूट :

	a	b	c	d
(A)	ii	iv	iii	i
(B)	iv	ii	i	iii
(C)	i	iii	iv	ii
(D)	iv	iii	ii	i

75. खालसा अखबार का संपादन निम्नलिखित में से किसने किया था ?

(A) प्रो. गुरुमुख सिंह (B) ज्ञानी दित सिंह

(C) भाई वीर सिंह (D) दयाल सिंह मजीठिया

Space For Rough Work